द्वारा फैक्स / ईमेल

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ।

कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक्स

पुलिस मुख्यालय(सिम्नेचर भवन) पंचम तल टावर-1 गोमतीनगर विस्तार फेज02 लखनऊ-226010,
फैक्स नम्बर-0522-2724030 फोन-0522-2724027 ईमेल-LOGISTICOFFICE4@GMAIL.COM

संख्या:लॉजि0-19-2026(मु0आ0 आरमोरर पदो0) दिनांक:अक्टूबर 09, 2026

आदेश

उत्तरप्रदेश पुलिस आरमोरर शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली-2016 के संगत प्रावधानों के अन्तर्गत अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा निम्नलिखित आरक्षी आरमोरर को मुख्य आरक्षी आरमोरर पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाये जाने एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय के अनुमोदनोपरांत तात्कालिक प्रभाव से उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही मुख्य आरक्षी आरमोरर पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है:-

क्र0सं0	पीएनओ	कर्मचारी का नाम	पिता का नाम	नियुक्ति जनपद/इकाई	जन्मतिथि	चयन वर्ष
1	061861291	संजय सिंह यादव	सुदर्शन सिंह यादव	36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी	02.08.1985	2026
2	050740006	राहुल प्रताप	प्रभुदयाल	ललितपुर	07.07.1985	2026
3	050470277	सलाम मोहम्मद	अमरुद्दीन खान	जीआरपी आगरा	10.08.1985	2026
4	060480949	अशोक पाल	ओम प्रकाश	सम्भल	15.07.1985	2026
5	060470993	नरेश कुमार	समरपाल सिंह	23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद	10.07.1985	2026
6	060480675	प्रदीप कुमार	मुनिराम सिंह	सम्भल	15.07.1985	2026
7	040690096	मनोज कुमार सिंह	रमाकान्त सिंह	सोनभद्र	15.07.1985	2026
8	040690302	मनीष कुमार सिंह	लालमणि सिंह	सुलतानपुर	16.07.1985	2026
9	050750375	अशोक कुमार	तानेश्वर सिंह	जालौन	12.07.1985	2026
10	050770348	धीरेश	पंचम लाल	कमि0 गौतमबुद्धनगर	07.08.1985	2026
11	050750359	मनोज कुमार	सत्यनारायण	कमि0 कानपुरनगर	15.09.1985	2026
12	050550337	अवध किशोर	नन्द किशोर	कमि0 आगरा	01.01.1986	2026
13	050470264	संदीप सिंह चौहान	प्रेम सिंह चौहान	विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा	10.07.1985	2026
14	060453899	कफील अहमद	खलील अहमद	15वीं वाहिनी पीएसी आगरा	27.06.1987	2026

2- पदोन्नति पाये मुख्य आरक्षी आरमोरर पुलिस अपने नियुक्ति स्थान जनपद / इकाई के मुख्यालय पर ही कार्यभार ग्रहण करेंगे एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे, जिसे उ0प्र0 पुलिस आरमोरर शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली-2016 के प्रस्तर-13 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। पदोन्नति पाये मुख्य आरक्षी आरमोरर पुलिस की आगामी नियुक्ति / स्थानांतरण के सम्बन्ध में अलग से आदेश पारित किये जायेंगे।

3- पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित आरक्षी आरमोरर पुलिस से प्रारूप "क" में स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्या-13/21/89-क-1-1997 दिनांक 28.05.1997 के खण्ड-2 में दी गयी 03 परिस्थितियों यथा (क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है (ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप पत्र जारी किया जा चुका है तथा (ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है, मुख्य आरक्षी आरमोरर पुलिस के विरूद्ध विद्यमान नहीं हों।

4- यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अथवा अभिलेखों में उपयुक्त प्रस्तर-3 में अंकित परिस्थितियां विद्यमान नहीं है तो उपरोक्त आरक्षी आरमोरर पुलिस को मुख्य आरक्षी आरमोरर पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा । यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र अथवा अभिलेखों में प्रस्तर-3 में अंकित परिस्थितियां विद्यमान पायी जाती है, तो ऐसे सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुये दिशा-निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

5- यदि सम्बन्धित आरक्षी आरमोरर पुलिस द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अंकित तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद / इकाई द्वारा की जायेगी, जिस जनपद / इकाई में उनके द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र प्रस्तुत किया गया है, साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित सर्वसंबंधित कर्मी को उसकी पदोन्नति को निरस्त कर उसके मूल पद पर पदावनत करते हुये उसके विरुद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

नोटः-यदि उपरोक्त अंकित कर्मी आपके जनपद/पीएसी/इकाई से अन्यत्र स्थानांतरण पर कार्यमुक्त हो गया हो तो उस जनपद/पीएसी/इकाई को सूचित करते हुये उसकी प्रति इस कार्यालय को भी उपलब्ध करायी जाये।

(डॉ0 संजीव गुप्ता) 24/10/26
अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक्स
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट – गौतमबुद्धनगर / कानपुरनगर / आगरा।
2- पुलिस अधीक्षक, जनपद – ललितपुर / सम्भल / सोनभद्र / सुलतानपुर / जालौन।
3- पुलिस अधीक्षक, जीआरपी आगरा।
4- सेनानायक, 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा / 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद / 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी।
4- निदेशक / उपनिदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा।

संख्या तथा दिनांक वहीं

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः-

1- अपर सचिव(प्रोन्नति), उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ को पत्र दिनांक 24.09.2026 के क्रम में।
2- पुलिस महानिदेशक, पीएसी मुख्यालय / राजकीय रेलवे मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ।
3- निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला उ0प्र0 लखनऊ।
4- पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना उ0प्र0 को उनके पत्र दिनांक 07.10.2026 के क्रम में।
5- पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र – झांसी / मुरादाबाद / मिर्जापुर / अयोध्या।